भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

29.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1829 का उत्तर

पेड्डापल्ले लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत आरओबी कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाना

1829. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पेड्डापल्ले लोक सभा क्षेत्र में सड़क उपरि पुल (आरओबी) के किसी कार्य को स्वीकृति दी गई है और यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) एलसी संख्या 31 और 32 ओडेला, एलसी संख्या 34 कोलनूर, एलसी संख्या 38 चीकुराई, एलसी संख्या 39 कोनाराम, एलसी संख्या 40 और 46 गौरेड्डीपेटा, एलसी संख्या 46ई/ए कन्नाला, एलसी संख्या 49 कुंधनपल्ली तथा एलसी संख्या 52 पेडम्पेटा में आरओबी की स्थिति क्या है;

(ग) क्या प्रत्येक आरओबी कार्य में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या उक्त आरओबी के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है तथा व्यय किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार उक्त आरओबी के लिए समयबद्ध पूरा करने की योजना तैयार करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या प्रत्येक आरओबी के पूरा होने की संभावित तारीख तय की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): भारतीय रेल में समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों (आरओबी/आरयूबी) के निर्माण के प्रस्तावों की स्वीकृति और निष्पादन एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों का प्राथमिकता निर्धारण और उन्हें शुरू करने का कार्य रेल परिचालन में संरक्षा गाड़ियों की

गतिशीलता तथा सड़क उपयोगकर्ताओं पर इसके प्रभाव और व्यवहार्यता के आधार पर किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-26 (मई, 2026) की अवधि के दौरान भारतीय रेल में निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:-

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई, 2026)	14,451 अदद (तेलंगाना राज्य में 520)

01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग ₹1,17,492 करोड़ की लागत से 4,993 ऊपरी/निचले सड़क पुल स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें तेलंगाना राज्य में 118 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल शामिल हैं, जिनकी लागत 4,883 करोड़ रुपए है और ये योजना निर्माण और क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, पेद्दापल्ली निर्वाचन क्षेत्र में 13 ऊपरी सड़क पुल, 26 निचले सड़क पुल और 20 समपार हैं। पेद्दापल्ली निर्वाचन क्षेत्र में ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के लिए 16 कार्य स्वीकृत किए गए हैं और 04 समपारों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (टीएफआर/डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है। ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	समपार का ब्यौरा	आरओबी/आरयूबी	निर्माण लागत (लगभग ₹ करोड़ में)	टिप्पणी
1	बिसुगिरशरीफ-पोट्टकापल्ली पर कि. मी. 317/5-7 पर समपार सं. 27	आरओबी	48	जीएडी को अनुमोदन दिया गया है। निविदा को स्वीकृति दे दी गई है।
2	बिसुगिरशरीफ-पोट्टकापल्ली पर कि. मी. 315/10-12 पर समपार सं. 28	आरओबी	31	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
3	पोट्टकापल्ली-बिसुगिरशरीफ पर	आरओबी	31	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया

	314/44-46 कि.मी. पर समपार सं. 29			है।
4	पोट्टकापल्ली-कोलानूर पर 310/34-36 कि.मी. पर समपार सं. 31	आरओबी	26	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
5	पोट्टकापल्ली-कोलनुर पर 309/40-310/4 कि.मी. पर समपार सं. 32	आरओबी	26	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
6	कोलनुर - पेद्पल्ली पर 304/46-48 कि.मी. पर समपार सं. 34	आरओबी	61	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
7	कोलनुर - पेद्पल्ली पर 295/20-24 कि.मी. पर समपार सं. 38	आरओबी	44	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
8	कोलनुर - पेद्पल्ली पर 292/28-32 कि.मी. पर समपार सं. 39	आरओबी	137	रेलवे के हिस्से का कार्य पूरा हो गया है। पहुँच मार्ग का कार्य शुरू कर दिया गया है।
9	पेद्पल्ली-राघवपुरम पर 291/14-16 कि.मी. पर समपार सं. 40	आरओबी	96	जीएडी को अनुमोदन दिया गया है। निविदा प्रदान की गई है।
10	पेद्पल्ली-राघवपुरम पर कि.मी. 289/14-16 पर समपार सं.	आरओबी	46	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।

	42			
11	पेद्पल्ली- राघवापुरम पर 285/24-26 कि.मी. पर समपार सं. 44	आरओबी	46	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
12	पेद्पल्ली - राघवपुरम पर 284/40-44 कि.मी. पर समपार सं. 45	आरओबी	50	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
13	राघवपुरम - रामगुंडम पर 282/10-12 कि.मी. पर समपार सं. 46	आरओबी	86	जीएडी की समीक्षा की जा रही है। निविदा प्रदान की गई है।
14	राघवपुरम - रामगुंडम पर 275/46-48 कि.मी. पर समपार सं. 49	आरओबी	111	जीएडी की समीक्षा की जा रही है। निविदा प्रदान की गई है।
15	रामगुंडम- पेद्दमपेट पर 270/41-43 कि.मी. पर समपार सं. 52	आरओबी	35	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
16	रेचनी रोड- रेपल्लीवाड़ा पर 226/12-14 कि.मी. पर एलसी नं. 68	आरओबी	52	जीएडी और अनुमानित कार्य शुरू कर दिया गया है।
17	पेद्पल्ली - करीमनगर पर कि.मी. 3/2-3 पर समपार सं. 1	-	-	इन समपारों पर आरओबी के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (टीएफआर/डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।
18	पेद्पल्ली- करीमनगर पर कि.मी. 3/13-14 पर समपार सं.	-	-	

	2			
19	पेद्पल्ली - करीमनगर पर कि.मी. 7/11-12 पर समपार सं. 5	-	-	
20	पेद्पल्ली - करीमनगर पर कि.मी. 13/0-1 पर समपार सं. 6	-	-	

आरओबी/आरयूबी कार्यों का पूरा होना और कमीशनिंग कई कारकों जैसे समपार को बंद करने के लिए सहमति देने में राज्य सरकारों का सहयोग, पहुंच मार्ग का संरेखण निर्धारित करना, सामान्य व्यवस्था ड्राइंग (जीएडी) का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण को हटाना, अतिक्रमणकारी उपयोगिताओं को स्थानांतरित करना, विभिन्न प्राधिकरणों से वैधानिक मंजूरी, जलवायु परिस्थितियों आदि के कारण परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/कार्यों के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

16 अदद आरओबी राज्य सरकार के कारण विलंबित/रोके गए हैं। इनका ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	कारण	आरओबी (संख्या में)
1.	राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण में देरी	15
2.	राज्य सरकार द्वारा संरेखण का अंतिम रूप देना	01

रेलवे ने आरओबी/आरयूबी कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

i. सामान्य व्यवस्था ड्राइंग (जीएडी) को अंतिम रूप देने से पहले सुचारू रूप से निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित राज्य सरकार/सड़क स्वामित्व प्राधिकरण के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है।
ii. आरओबी/आरयूबी कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए रेलवे और राज्य सरकार के अधिकारियों की समय-समय पर बैठकें की जाती हैं।
iii. डिज़ाइन अनुमोदन के दौरान देरी से बचने के लिए रेलवे हिस्से पर सड़क के फैलाव, तिरछापन और चौड़ाई के विभिन्न संयोजनों के लिए अधिरचना और उपसंरचना रेखाचित्रों का मानकीकरण किया गया है। इसे संकलन के रूप में जारी किया गया है, जिसे त्वरित योजना के लिए रेल लाइनों के पार ऊपरी सड़क पुल के लिए प्रत्यक्ष रूप में अपनाया जा सकता है।

******